जागरण

# Online Advertising से दो साल में बेच दीं करोड़ों की नकली शक्तिवर्धक दवाएं

Publish Date:Thu, 18 Nov 2021 08:16 AM (IST)Author: Tanu Gupta



आरोपित हाथरस से थोक में खरीदते थे कैप्सूल और गोलियां। हरिद्वार पुलिस काे पांच अन्य आरोपितों की तलाश आगरा पुलिस ने भी शुरू की छानबीन। बाबा रामदेव की संस्था दिव्य योग मंदिर पतंजलि के के प्रतिनिधि ने हरिद्वार के बहादरबाद थाने में 28 जलाई को मुकबदमा दर्ज कराया था।

**आगरा, जागरण संवाददाता।** सिकंदरा के नीरव निकुंज में हरिद्वार पुलिस द्वारा पकड़े गए काल सेंटर चलाने वालों ने इंटरनेट मीडिया में आनलाइन की मदद से करोड़ों रुपये की नकली शक्तिवर्धक दवाएं बेची थीं। इन दवाओं पर बाबा रामदेव का फोटो लगाया जाता था। जिससे कि लोग आसानी से उन पर विश्वास कर लें। जबकि आरोपित नकली दवाओं की गोलियाें और कैप्सूल को हाथरस से खरीदते थे। इन दवाओं की शिकायत को लेकर दो साल के दौरान किसी ग्राहक द्वारा काल सेंटर पर अाकर हंगामा नहीं करने के चलते आरोपितों का खेल पकड़ में नहीं आया।

हरिद्वार पुलिस ने 12 नवंबर को नीरव निकुंज में छापा मारकर एक काल सेंटर को पकड़ा था। मौके से दो करोड़ रुपये की दवाएं बरामद की थी। पुलिस ने काल सेंटर में काम करने वाले दो कर्मचारियों को आकाश शर्मा निवासी सेक्टर आठ आवास विकास कालोनी जगदीशपुरा व सतीश कुमार निवासी किशाेरपुरा काे गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने पूछताछ में बताया था कि वह काल सेंटर वर्ष 2019 से चला रहे थे। वह आनलाइन व अश्लील वेबसाइट पर शक्तिवर्धक दवाओं का प्रचार करते थे। आयुर्वेदिक दवाओं बताकर बिक्री के लिए बाबा रामदेव की फोटो लगाते थे। जिससे उनके पास खूब आर्डर आते थे।

हरिद्वार पुलिस ने बरामद दवाएं आगरा पुलिस के सुपुर्द की थीं। जांच के लिए पहुंचे औषधि निरीक्षक ने मामला एलोपैथी का बताया। हइसके बाद जिला आयुर्वेदिक डाक्टर जेके राणा ने भी दवाओं को चेक किया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपित हाथरस की एक फार्मेसी कंपनी से इन दवाओं को खरीदते थे। डाक्टर राणा ने कंपनी से अपना लाइसेंस व बेचने वाले वाले उत्पादों की सूची देने को कहा है। आरोपित दवाओं को कई गुना कीमत पर आनलाइन बेच रहे थे।

इंस्पेक्टर सिकंदरा विनोद कुमार के अनुसार आरोपित एक रुपये की गोली आनलाइन ग्राहकों को पांच सौ रुपये तक में बेचते थे। कैप्सूल में क्या भरा है, ग्राहकों को इसका पता नहीं चलता। दवा के नकली होने पर कोई शिकायत करने भी सामने नहीं आता था।

**हरिद्वार पुलिस को इन पांच की तलाश**

बाबा रामदेव की संस्था दिव्य योग मंदिर पतंजलि के के प्रतिनिधि ने हरिद्वार के बहादरबाद थाने में 28 जलाई को मुकबदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना इंस्पेक्टर रानीपुर कोतवाली कुंदन सिंह कर रहे हैं। मुकदमे में गजेंद्र यादव निवासी बाईंपुर सिकंदरा, दिलीप यादव निवासी कुंआ खेड़ा ताजगंज, बालकिशन यादव, राजेश यादव्र पीयूष कुमार, बादल ठाकुर व शरद आरोपित हैं। सिकंदरा पुलिस के अनुसार आरोपितों के वारंट मिलते ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। मामले में सिकंदरा पुलिस भी छानबीन कर रही है। आरोपितों के बैंक खातों के बारे में पता किया जा रहा है। इसके साथ ही वह जिस कोरियर कंपनी से माल भेजते थे, उससे भी डाटा हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे दवाएं कहां-कहां भेजी गईं, इसकी जानकारी जुटाई जा सके।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-fake-potency-boosting-drugs-worth-crores-were-sold-in-two-years-through-online-advertising-22216658.html